RNI NO - UPHIN/2022/86937

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

DKU LIVE

सब पर नज़र, सबकी ख़बर

वर्ष – 04 | अंक – 71 | जौनपुर शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री माझी ने ओडिशा में वेदांता विश्वविद्यालय की स्थापना को लकर आश्वासन दिया - अनिल अग्रवाल

ओडिशा, (एजेंसी)। वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि कंपनी का प्रस्तावित विश्वविद्यालय ओडिशा के अलावा कहीं और स्थापित नहीं किया जाएगा। अग्रवाल ने ओडिशा में समूह के अतिरिक्त एक लाख करोड़ रुपये के निवेश पर माझी के साथ चर्चा के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''बैठक में वेदांता विश्वविद्यालय परियोजना पर भी चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने मुझसे कहा कि अगर कोई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना है तो वह केवल ओडिशा में ही होना चाहिए। मैंने इसके लिए उनका धन्यवाद किया।''

### राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में शुक्रवार सुबह मामूली सुधार हुआ और यह 'बेहद खराब' से 'खराब' श्रेणी में पहुंच गयी। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 290 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया जो'गंभीर' श्रेणी में आता है। यह सभी निगरानी केंद्रों में सबसे अधिक है। पंद्रह स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बेहद खराब' श्रेणी (300 से ऊपर) में दर्ज किया गया जबकि शेष स्टेशनों पर यह 'खराब' श्रेणी (300 से नीचे) में दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच 'एक्यूआई' को अच्छा , 51 से 100 के बीच को संतोषजनक , 101 से 200 के बीच को मध्यम , 201 से 300 के बीच को खराब , 301 से 400 के बीच को बेहद खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

### राष्ट्रीय राजधानी में हमले की साजिश रच रहे आईएसआईएस के दो संदिग्ध आतंकी गिफ्तार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने दो संदिग्ध आईएस आईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जो राष्ट्रीय राजधानी के भीड़भाड़ वाले इलाके में कथित तौर पर आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों का नाम अदनान है और वे भोपाल के रहने वाले हैं। उन्हें दिल्ली के सादिक नगर और भोपाल में समन्वित अभियान के बाद विशिष्ट गोपनीय जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी आईएसआईएस से संबद्ध थे और दिल्ली में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे।

## युवा वर्ग का सशक्ति करण उनकी प्राथमिकता : पीएम नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 17वें रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटें। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश के युवा वर्ग का सशक्तिकरण उनकी सरकार की प्राथमिकता है। 17वें रोजगार मेले में एक रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां के युवाओं की ताकत हमारी सबसे बड़ी पूंजी में से एक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की सरकार की प्राथमिकता युवा वर्ग है। जीएसटी सुधार से अवसर बढ़ रहे हैं और इससे रोजगार के नए मौके पैदा हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, शविश्वास और भरोसे के साथ हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी विदेश नीति भी भारत के युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर



बनाई जा रही है। हमारे कूटनीतिक और वैश्विक समझौते युवाओं की ट्रेनिंग और रोजगार पैदा करने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई यूरोपीय देशों के साथ निवेश साझेदारी की है, जिससे हजारों नए रोजगार के मौके पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा, श्हमने निवेश को बढ़ावा देने और स्टार्ट–अप्स और डैड्म को सपोर्ट करने के लिए ब्राजील, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कनाडा जैसे देशों के साथ कई समझौते भी किए हैं। ये सहयोग निर्यात को मजबूत करेंगे और भारत के युवाओं के लिए विकास और अवसरों के नए रास्ते खोलेंगे। रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरियों के लिए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में रोजगार मेलों के जरिए अब तक 11 लाख से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने एनडीए के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एनडीए का मतलब सुशासन, जनता की सेवा और विकास है। आपका उत्साह देखकर लगता है कि बिहार इस बार एनडीए को अब तक का सबसे बड़ा जनादेश देगा। 2005 का अक्टूबर महीना ही था, जब बिहार ने जंगलराज से मुक्ति पाई थी। नीतीश कुमार ने नेतृत्व में एनडीए का सुशासन शुरू हुआ था।

## 30 वर्ष बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (संवाददाता)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है। कहा कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कार्यारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार



वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया ।

## विधायकों के लिए 325 करोड़ की लागत से बने फ्लैटों का किया उद्घाटन – अमित शाह

एजेंसी, गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में विधायकों के लिए बने नए आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने अहमदाबाद जिले के सानंद तालुका में छह लेन सड़क निर्माण परियोजना का शिलान्यास भी किया। गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र



का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित शाह दिवाली पर तीन दिवसीय गुजरात दौरे के तीसरे दिन राजधानी पहुंचे। उन्होंने सेक्टर 17 में विधायकों के लिए बने अपार्टमेंट परिसर का उद्घाटन किया। 12 टावरों में 216 फ्लैट्स वाला यह आवासीय परिसर लगभग 325 करोड़ की लागत से बनाया गया है। हर फ्लैट लगभग 2,500 वर्गफुट क्षेत्र में बना है और इसमें तीन बेडरूम हैं। परिसर में बड़ा बगीचा, मल्टीपर्पज हॉल, स्विमिंग पूल, जिम, केन्टीन, इनडोर स्पोर्ट्स एरिया, डिस्पेंसरी और किराना स्टोर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अमित शाह ने अहमदाबाद–मालिया मार्ग के शांतिपुरा–खोराज जीआईडीसी खंड पर छह लेन सड़क परियोजना की आधारशिला रखी। लगभग 805 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना 28.8 किलोमीटर लंबी सड़क को छह लेन में बदलेगी। इस मार्ग पर रोजाना करीब 43 हजार वाहन चलते हैं। परियोजना पूरी होने पर यह मार्ग सुरेंद्रनगर, शंखेश्वर, राधनपुर, पाटन जैसे शहरों के साथ–साथ सानंद और वीरमगाम जैसे औद्योगिक केंद्रों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया

जैसलमेर, (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार राजस्थान आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। गुरुवार (23 अक्तूबर) को जैसलमेर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वार म्यूजियम में शौर्य पार्क का उद्घाटन किया। साथ ही सेना के जवानों से भी बातचीत भी की। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अब पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई भी दुस्साहस करने से पहले दो बार सोचेगा। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने दोबारा कोई दुस्साहस किया तो उसका परिणाम उसको बहुत अच्छे से पता है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, इसको सिर्फ स्थगित किया गया है। पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर उसने कोई दुस्साहस किया तो भारतीय सेना उसे और भी कड़ा जवाब देगी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान



अब भारत के खिलाफ कोई भी हिमाकत करने से पहले दो बार सोचेगा, क्योंकि हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसको अच्छी तरह से सबक सिखा दिया है। राजनाथ सिंह ने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, इसे सिर्फ रोका गया है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पाकिस्तान कोई दुस्साहस करता है तो उसे और कड़ा जवाब दिया जाएगा। राजनाथ ने कहा कि हमारे शत्रु चाहे बाहरी हों या आंतरिक, कभी निष्क्रिय नहीं रहते। वे हमेशा किसी न किसी रूप में सक्रिय रहते हैं। ऐसे में हमें उनकी गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखनी होगी, तथा इसके अनुरूप प्रभावी कदम उठाने होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ष्हमारे पायलटों ने पाकिस्तान को भारत की ताकत का सिर्फ एक नमूना दिखाया है। अगर उन्हें मौका मिला, तो वे हमारी असली ताकत दिखाएंगे।ष अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने में सशस्त्र बलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ष्हमारे सैनिक न केवल सीमाओं के रक्षक हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत भी हैं। यह सदी हमारी हैय भविष्य हमारा है, और आत्मनिर्भरता की दिशा में हमने जो प्रगति की है,।

## सपने देखने ही नहीं, उन्हें साकार करने का साहस ही नए भारत की पहचान है : सिंधिया

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुजरात के वडोदरा में आयोजित 17वें प्रधानमंत्री रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात के युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रोजगार सृजन को आत्मनिर्भरता के मार्ग से जोड़ते हुए विकसित भारत की दिशा में निरंतर अग्रसर है। सिंधिया ने कहा कि यह मेला केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और परिवार की खुशियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को अमृत पीढ़ी का दर्जा देकर नई दिशा दी है। देश में आज शिक्षा, कौशल और रोजगार एक ही लक्ष्य से जुड़ चुके हैं और यह लक्ष्य है "विकसित भारत /2047" के निर्माण। सिंधिया



ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से 21वीं सदी के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली तैयार की गई है। देशभर में नए मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और कौशल विकास कार्यक्रम इस दिशा में परिवर्तन के प्रतीक हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मोदी सरकार की नीतियाँ युवाओं को न केवल रोजगार खोजने वाला, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बना रही हैं। पर, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में विश्व में दूसरे स्थान पर और ऑटोमोबाइल उत्पादन में तीसरे स्थान पर पहुँच चुका है। कोविड वैक्सीन का निर्माण देश की युवा ऊर्जा और नवाचार भावना का प्रमाण हैं। सिंधिया ने बताया कि 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए रोजगार अभियान के तहत अब तक 17 चरणों में डाक विभाग में 1.86 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया गया है। 16वें चरण तक 1,77,907 युवाओं को डाक विभाग में नियुक्तियाँ प्रदान की गईं। इस 17वें चरण में देशभर के 40 स्थलों पर 8,295 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं,।

## 'इंडिया' गठबंधन मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करता है – चिराग पासवान

पटना, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर आरोप लगाया कि विपक्ष मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करता है, और उनके वास्तविक प्रतिनिधित्व से हमेशा किनारा करता है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पासवान ने कहा, " 'इंडिया' गठबंधन यादवों और सहनी समाज के नाम पर राजनीति कर रहा है, लेकिन मुसलमानों की बात वह केवल वोट के समय करता है। मुसलमानों की जनसंख्या बिहार में लगभग 18 फीसदी है, फिर भी 'इंडिया' गठबंधन ने किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या किसी प्रमुख पद का उम्मीदवार नहीं बनाया।" उन्होंने कहा, "तेजस्वी यादव, यादव समाज से हैं, जिनकी आबादी करीब 13 फीसदी है, जबकि मुकेश सहनी, साहनी समाज से आते हैं, जिनकी आबादी लगभग 2 फीसदी है। लेकिन 18 फीसदी मुस्लिम आबादी के बावजूद, मुसलमानों को सत्ता की भागीदारी से वंचित रखा गया है। ये लोग सिर्फ मुसलमानों को डराकर और भावनात्मक मुद्दों पर भड़का



कर वोट लेना जानते हैं, उन्हें असली प्रतिनिधित्व देने की उनकी नीयत कभी नहीं रही।" पासवान ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा "सहनी समाज के नाम पर राजनीति करने वाले मुकेश सहनी ने अपने समाज को भुला दिया है। उन्होंने केवल अपने लिए उपमुख्यमंत्री का पद मांगा, समाज के अधिकारों के लिए एक शब्द नहीं कहा। अब वह केवल स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।" लोजपा (रामविलास) प्रमुख ने कहा कि महागठबंधन जाति और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहा है, ।

## भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोंक पर व्यापार समझौते नहीं करता – पीयूष गोयल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोक पर व्यापार समझौते नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका सहित अन्य देशों व क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। जर्मनी में आयोजित बर्लिन डायलॉग के दौरान बोलते हुए पीयूष गोयल ने कहा कहा, हम यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। हम अमेरिका से बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करते और न ही हम कोई समय सीमा तय करके या बंदूक की नोंक पर कोई समझौता करते हैं। पीयूष गोयल डॉयलॉग में भाग लेने के लिए फिलहाल बर्लिन में हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते को दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी जल्दबाजी में या तात्कालिक आवेश में निर्णय नहीं लेता। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत से अधिक टैरिफ से निपटने के लिए नए बाजारों की तलाश कर रहा है। गोयल ने कहा, मुझे नहीं



लगता कि भारत ने कभी भी राष्ट्रीय हित के अलावा किसी अन्य आधार पर यह निर्णय लिया है कि उसके मित्र कौन होंगे... और यदि कोई मुझसे कहता है कि आप यूरोपीय संघ के मित्र नहीं हो सकते, तो मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा या कोई कल मुझसे कहता है कि मैं केन्या के साथ काम नहीं कर सकता, यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश से कोई विशेष उत्पाद खरीदने का निर्णय पूरी दुनिया को लेना होगा। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिका भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का दबाव बना रहा है। बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में बोलते हुए पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार समझौते केवल टैरिफ या बाजार पहुंच के बारे में नहीं हैं,।

## 12 साल में मोदी के नवरत्नों में शामिल अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आज यानी की 24 अक्तूबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री व बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। राजनीति में आने से पहले वह एक सैन्य अधिकारी थे। साल 2008 में अनुराग ठाकुर ने राजनीति में एंट्री ली थी। अनुराग ठाकुर अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे लेकर गए हैं। इसके बाद अनुराग ठाकुर का राजनीतिक ग्राफ बहुत तेजी से आगे बढ़ा और वह राजनीति के अलावा खेलों से भी जुड़े हुए हैं। तो आइए जानते हैं उनके 52वें जन्मदिन के मौके पर अनुराग ठाकुर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में.. हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 24 अक्टूबर 1974 को अनुराग ठाकुर का जन्म



हुआ था। इनके पिता का नाम प्रेम कुमार धूमल था, जोकि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उन्होंने स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद जालंधर के दोआबा कॉलेज से स्ध्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने साल 202 में शादी की थी। इनके दो बेटे जयादित्य और उदयवीर हैं। साल 2008 के लोकसभा चुनाव में पहली बार अनुराग ठाकुर भाजपा से लोकसभा सदस्ध्य निर्वाचित हुए। फिर साल 2009 में उनको दूसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में चुना गया था। राजनीति के अलावा अनुराग ठाकुर खेलों से भी जुड़े हैं। साल 2001 में वह भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम के चयनकर्ता बने थे। इसके बाद वह हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष बने। साल 2016 में वह भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष चुने गए। इसके बाद साल 2016 में वह बीजेपी के पहले ऐसे सांसद बने, जिनको प्रादेशिक सेना में नियमित कमिशन्ड ऑफिसर बनाया गया। फिर साल 2019 में अनुराग ठाकुर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। इससे पहले उन्होंने वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री के तौर पर कार्य किया था। वहीं साल 2021 में उनको सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री की दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई। साल 2011 में अनुराग ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ युवा सांसद पुरस्कार मिला था। फिर साल 2014 में उनको विश्व आर्थिक मंच द्वारा युवा वैश्विक नेता की उपाधि मिली थी।

# संपादकीय

## कानून का इकबाल

सत्ता के नशे में आम आदमी के अधिकारों को कैसे कुचला जा रहा है इसका ताजा उदाहरण उत्तरप्रदेश के मेरठ से सामने आया है। मंगलवार को मेरठ के एक व्यापारी सत्यम रस्तोगी अपने मित्र के साथ रात को खाने पर एक होटल पहुंचे, जहां एक स्थानीय भाजपा नेता के साथ पार्किंग को लेकर उनका विवाद हुआ। जिसके बाद उस नेता ने व्यापारी को न केवल अपशब्दों से अपमानित किया, बल्कि जमीन पर नाक रगड़ कर माफी मंगवाई। इस पूरे वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, हालांकि इसे देखकर आम लोगों में नाराजगी और दुख का जो भाव व्यापक पैमाने पर उभरना चाहिए था, जो नजर नहीं आया। संभवतरू जनता ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि सत्ता पर बैठे लोगों के करीबियों या पुलिस प्रशासन के पास यह ताकत है कि वह कानून अपने हाथ में लें, सही–गलत की परवाह न करके आम लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार करें। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। लोगों में अपने हक के लिए आवाज उठाने की हिम्मत होनी चाहिए। संविधान में यह हिम्मत मौलिक अधिकारों के तौर पर परिभाषित है। ये मौलिक अधिकार हरेक नागरिक को समानता, सम्मान और गरिमा का जीवन सुनिश्चित करते हैं। मगर ये अधिकार तभी कायम रहेंगे और अपना असर दिखाएंगे, जब जनता ही यह मान लेगी कि मेरठ जैसी घटनाएं तो आम हैं, तब तो मौलिक अधिकारों के कमजोर होने और उसके साथ संविधान के अप्रासंगिक होने के खतरे और बढ़ जाएंगे।मेरठ का जो वीडियो वायरल हुआ, उसमें विकुल चपराणा नाम का भाजपा नेता पुलिस की मौजूदगी में व्यापारी सत्यम रस्तोगी से जमीन पर नाक रगड़वाते और गालियां देते देखा जा सकता है। यह वही भाजपा है जिसने प्रधानमंत्री की मां को कहे गए अपशब्द पर बिहार बंद करवाया था, और राहुल गांधी के रायबरेली आने पर रास्ता जाम कर उनका काफिला रोका था। प्रधानमंत्री की मां को जब अपशब्द कहे गए, तब राहुल गांधी वहां थे भी नहीं, फिर भी उनके खिलाफ जी भर के अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। खुद नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे को भुनाते हुए बात को छठी मईया तक ले गए। उन्हें लगता है कि इस तरह बिहार में भाजपा को चुनावी फायदा होगा। लेकिन स्त्री का अपमान या स्त्रियों के नाम पर कहे गए अपशब्द चुनावी लाभ–हानि से कहीं अधिक गंभीर मसला है। यह व्यक्ति की निकृष्ट मानसिकता को जाहिर करता है। मेरठ में विकुल चपराणा ने इसी मानसिकता का प्रदर्शन सत्यम रस्तोगी को अपशब्द कहने में किया। श्री रस्तोगी ने इस अपमान को बर्दाश्त किया, क्योंकि वहां खड़ी पुलिस भी इस तमाशे को देखती रही। पुलिस ने आम आदमी के अधिकार की रक्षा का अपना दायित्व पूरा नहीं किया। एक और वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस अधिकारी ही व्यापारी पर माफी मांगने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित सत्यम रस्तोगी ने बताया कि मैंने सिर्फ पार्किंग मांगी थी, लेकिन मंत्री का नाम लेकर धमकी दी गई। एसआई साहब ने भी माफी मांगने को कहा, वरना कार जब्त हो जाएगी। इसलिए अपमान सहना पड़ा। इस बयान से जाहिर है कि पुलिस भी सत्ता के चाकर की तरह व्यवहार करने लगी है, जबकि उसे आम जन के रक्षक की तरह होना चाहिए।बता दें कि भाजपा नेता विकुल खुद को ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का भाई बताता रहा और हंगामा करता रहा। विकुल चपराणा ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में बतौर छात्र नेता अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत पांच साल पहले की और जल्द ही गुर्जर समाज में अपनी पकड़ मजबूत की। इसके बाद विकुल चपराणा उत्तर प्रदेश सरकार के गुर्जर समाज से आने वाले ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का करीबी बन बैठा।

# कांग्रेस पूरी तरह से राहुल पर निर्भर

अजीत द्विवेदी

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से राहुल गांधी पर निर्भर होती जा रही है। उनके बगैर कांग्रेस में न तो कोई फैसला हो पा रहा है और न कोई राजनीतिक गतिविधि चल पा रही है। यहां तक कि खुद राहुल की ओर से जो एजेंडा स्थापित किया जा रहा है उसको भी कांग्रेस के नेता आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। उसके लिए भी राहुल का इंतजार हो रहा है। सोनिया गांधी के समय तक यह स्थिति नहीं थी। फैसलों के लिए जरूर सोनिया गांधी पर कांग्रेस की निर्भरता थी लेकिन बाकी राजनीतिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से चलती थीं। प्रदेशों के नेता वहां की जरुरत के हिसाब से काम करते थे। कांग्रेस जहां सरकार में थी वहां सरकार के कामकाज होते थे और जहां विपक्ष में होती थी वहां वह मजबूती से विपक्ष की भूमिका निभाती थी। जिन राज्यों में चुनाव होते थे वहां कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व चुनाव की तैयारी करता था। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की सरकारों का कामकाज, पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां और चुनाव अभियान सब कुछ अकेले राहुल गांधी पर निर्भर है। इसे कांग्रेस की राजनीति पर नरेंद्र मोदी का प्रभाव कह सकते हैं। जिस तरह से नरेंद्र मोदी अकेले भाजपा की हर राज्य सरकार का संचालन करते हैं, हर राज्य की राजनीति संभालते हैं और लोकसभा से लेकर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव लड़ाते हैं, यहां तक कि हर ट्रेन को हरी झंडी भी खुद ही दिखाते हैं उसी तरह कांग्रेस में राहुल गांधी की स्थिति हो गई है। फर्क यह है कि भाजपा में संगठन का एक बड़ा ढांचा है, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लोग हैं और नरेंद्र मोदी के पास अमित शाह हैं। इसके अलावा भी मोदी और शाह के दिशा निर्देश पर काम करने वाली प्रतिबद्ध लोगों की एक टीम भी है, जो राजनीतिक अभियानों को आगे बढ़ाती है तो बड़ी सफलता के साथ चुनाव प्रबंधन का भी काम करती है। बाकी सरकार में होने की जो सुविधाएं हैं वह तो अपनी जगह हैं ही। मुश्किल यह है कि राहुल गांधी के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। तभी सब कुछ उनको खुद करना होता है और अगर वे नहीं होते हैं यानी विदेश चले जाते हैं या छुट्टी पर होते हैं तो पूरी कांग्रेस पार्टी छुट्टी पर चली जाती है। जैसे अभी राहुल गांधी करीब दो हफ्ते के लिए दक्षिण अमेरिका के दौरे पर गए तो कांग्रेस पार्टी में सब कुछ ठहर गया। बिहार में विधानसभा चुनाव हो रहा है लेकिन राजद के साथ सीट बंटवारे की बातचीत अटकी रही तो कांग्रेस का प्रचार अभियान भी शुरू नहीं हुआ। राहुल जब दक्षिण अमेरिका के दौरे पर थे उसी समय चुनाव आयोग ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की। योगेंद्र यादव जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं और बिहार में सीपीआई एमएल ने इसमें गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया। खबर है कि करीब 10 हजार मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम काटते वक्त यह नहीं बताया गया है कि किस वजह से उनका नाम कटा है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने नाम काटने की तीन श्रेणियां बनाई हैं। एक श्रेणी मृत लोगों की है, दूसरी स्थायी रूप से शिफ्ट कर गए लोगों की है और तीसरी जिनके नाम एक से ज्यादा जगहों पर था। लेकिन 10 हजार नामों को इनमें से किसी श्रेणी में नहीं रखा गया है और नाम काट दिया गया है। सोचें, राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को कितना बड़ा मुद्दा बनाया था! वे दो हफ्ते तक बिहार में रहे थे और 23 जिलों की यात्रा की थी। कांग्रेस के साथ साथ उन्होंने राजद, लेफ्ट, वीआईपी सबको साथ रखा और दो हफ्ते तक इसी काम में लगाए रखा। लेकिन जब एसआईआर का काम अंतिम नतीजे पर पहुंचा यानी अंतिम मतदाता सूची आई तो राहुल गांधी भी गायब और पार्टी भी नदारद। न तो दक्षिण अमेरिका से राहुल गांधी का कोई बयान आया और न प्रदेश में उनकी पार्टी ने कोई विरोध प्रदर्शन किया। चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए कहा था कि 10 अक्टूबर को पहले चरण की अधिसूचना जारी होने से पहले तक नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया जा सकता है। हकीकत यह है कि 10 अक्टूबर तक नाम जोड़ने का एक भी आवेदन नहीं आया। क्या अब भी राहुल गांधी एसआईआर में गड़बड़ी और श्वोट चोरीश्व के आरोप लगाएंगे?

# श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति जौनपुर द्वारा निकाली गई भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा : भगवान चित्रगुप्त जी हमारे हैं के नारों से गूंज उठा पूरा शहर

## भगवान चित्रगुप्त जी के बारीनाथ मठ एवं रूहटा मंदिर का भव्य शृंगार किया गया एवं छप्पन भोग लगाया गया







ब्यूरो चीफ दीपक श्रीवास्तव

जौनपुर। श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति जौनपुर द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी मन्दिर बारीनाथ मठ में दर्शन पूजन करने के बाद उपस्थित हजारों भक्तों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चन्द सिंह आई ए एस ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी सभी धर्म समुदाय के भगवान हैं पौराणिक मान्यता के अनुसार उनका जन्म भगवान ब्रह्म की काया से उत्पन हुआ था भगवान चित्रगुप्त जी समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा जोखा रखते हैं और जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि कलम की पूजा करने वाले एक ऊंचाई हासिल करते है और समाज में अच्छे पद पर स्थापित होते है आज यहां भगवान चित्रगुप्त जी पूजन शोभायात्रा में सर्व समाज समुदाय के लोग शामिल हो रहे है ये जौनपुर जिले के लिए एक अच्छी शुरुवात है मेरी शुभकामनाएं सभी को है। अपर जिलाधिकारी जौनपुर अजय अंबष्ट पीसीएस ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी को किसी एक के नहीं सभी के हैं सभी को उनकी पूजा अर्चना करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव आईपीएस ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी को ज्ञान शिक्षा बुद्धि और कला का अधिष्ठाता देवता भी माना गया हैं। श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति के संयोजक सरस चन्द श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि कायस्थ समाज जागरूक समाज हैं जो आज भगवान चित्रगुप्त पूजन शोभायात्रा में सर्व समाज को जोडकर एक अच्छी शुरुवात की हैं भगवान चित्रगुप्त जी को किसी जाती विशेष में बांधना उचित नहीं है। श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति के अध्यक्ष मनोज अग्रहरी जी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी के कलम दवात की पूजा अर्चना वैश्व समाज के साथ सर्व समाज करता हैं और करता रहेगा भगवान चित्रगुप्त पूजन शोभायात्रा अब हर साल वृहद रूप में मनाया जाएगा। कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी की आशीर्वाद से बड़ा से बड़ा कार्य हो जाता हैं। कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द श्रीवास्तव दीनू ने कहा कि कायस्थ समाज जौनपुर सभी सर्व समाज समुदाय का आभारी हैं जिन्होंने पूजन शोभायात्रा में साथ दिया। संचालन कायस्थ समाज के वरिष्ठ नेता अनिल अस्थाना ने किया एवं स्वागत राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने किया। इसके बाद जिलाधिकारी जौनपुर ने भगवान चित्रगुप्त जी रथ पर भगवान चित्रगुप्त जी पूजन आरती दीप प्रज्वलन कर शोभायात्रा शुभारंभ किया शोभायात्रा में सुसज्जित भगवान चित्रगुप्त जी रथ, दो डीजे साउंड शो, बैंड बाजा पार्टी, भांगड़ा पंजाबी बैंड, अनेक झांकी अलौकिक छठा बिखेर रही थी और हजारों की संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे झूमते हुए नजर आए उर्दू बाजार से रूहटा भगवान चित्रगुप्त मंदिर तक सैकड़ों जगह स्वागत अभिनंदन फूल वर्षा हो रही हैं। कोतवाली चौराहे पर गहना कोठी के अधिष्ठाता विनीत सेठ ने भगवान की आरती कर पूजा अर्चना किया। अनेक संगठनों के लोग भगवान चित्रगुप्त रथ पर पूजन कर रहे थे। कोतवाली चौराहे से कंट्रोल रूम का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने किया था कंट्रोल रूम से सभी का स्वागत अभिनंदन अनिल गुप्ता लगातार कर रहे थे और भारी संख्या में उपस्थित भक्तों का नियंत्रण कर रहे थे शोभायात्रा में कायस्थ समाज के साथ वैश्व समाज सर्व समाज को एक साथ चलते हुए सभी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी की कृपा से ही सब कुछ हुआ शोभायात्रा बारीनाथ मठ से प्रारंभ होकर उर्दू बाजार, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलन्दगंज,होते हुए रूहट्टा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर तक गई और नगर पालिका बालिका स्कूल में वृहद भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजन के दौरान भजन–कीर्तन से पूरा नगर वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने मंगलगीत गाकर माहौल को और भी पवित्र बना दिया। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों,

जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ व्यापारी नेता विनोद अग्रहरि,राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के जिलाध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय प्रवक्ता ध्मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक , संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास्तव संस्थापक अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु, कायस्थ महासभा जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव, भाजपा नेता पंकज जायसवाल, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, भाजपा नेता डॉ राम सूरत मौर्य, चित्रांश महासभा अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव भाजपा नगर अध्यक्ष श्रीमती सारिका सोनी कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, अग्रहरि समाज के महामंत्री रविंद्र अग्रहरि, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कायस्थ संघ जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अग्रहरि समाज संतोष अग्रहरि, जायसवाल समाज के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन, महंत बारीनाथ योगी हरदेव जी महराज, महंत योगी प्रशांत दास जी महाराज, महंत हनुमान जी मंदिर विदु प्रकाश शुक्ला,महादेव सेना विमल सिंह मनीष सेठ, प्रमोद श्रीवास्तव प्रिंसिपल संतोष श्रीवास्तव सोनू दुर्गापूजा महासमिति के मनीष देव सभासद, महासचिव मनीष गुप्ता, लक्ष्मी पूजन महासमिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल,डॉ अरुण मिश्रा, डॉ रजनीश श्रीवास्तव डॉ एन के सिन्हा,डॉ निलेश श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, शिशु शंकर श्रीवास्तव,ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष डॉ अतुल दुबे, चित्रगुप्त सभा अध्यक्ष रमेंद्र नाथ श्रीवास्तव, श्यामलकान्त श्रीवास्तव, कायस्थ एकता जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम, मेडिकल संघ दिवाकर सिंह,गौरव श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, शिव शंकर श्रीवास्तव राजा श्रीवास्तव, दिनेश अग्रहरि, वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव, धर्मेंद श्रीवास्तव रितेश श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ ज्योति श्रीवास्तव, सुमति श्रीवास्तव, भाजपा नेता विवेक सेठ मोनू, विनीत सेठ, अनीश श्रीवास्तव नेता जी,यादव महासंघ के प्रकाश यादव, अखिलेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल व्यापारी नेता सोमेश्वर केसरवानी, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष राधे रमन जायसवाल अमित श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव डॉ संजय श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव राजेश किशोर श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव , सुधांशु सिंह, अतुल श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता सरोज श्रीवास्तव विनय श्रीवास्तव, सीपीन सिंह सभासद, ओ पी सिंह नेता, संजय सिंह,नंद लाल यादव सभासद, प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू, संगीता श्रीवास्तव, मनोज सोनी, विनीत श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव,अखिलेश श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव, संतोष निगम, संजय सिन्हा, अश्विनी अस्थाना, प्रमोद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव वीरेंद्र श्रीवास्तव विष्णु गुप्ता, जय प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी,वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल, जे पी सिंह, सुभाष चंद्र सिंह प्रिंसिपल,आकाश श्रीवास्तव रोहित श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव युवा जिलाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव अखिलेश श्रीवास्तव बबलू, राज श्रीवास्तव राजा, संदीप अग्रहरि, धर्मेंद्र यादव, विनोद गुप्ता, दीपक जावा,अंजनी श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव धीरज श्रीवास्तव उत्कर्ष शाह, राजेश श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव अरुण श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव जिक्की, रोहित श्रीवास्तव, आर्यन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार राजन श्रीवास्तव ,लाल साहब श्रीवास्तव रघुवंश सहाय, अधिवक्ता संघ पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, अधिवक्ता रमेश चन्द उपाध्यक्ष, एडीजीसी सतीश पांडेय, प्रीति श्रीवास्तव, निशा श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव,अमर श्रीवास्तव धर्मेंद श्रीवास्तव डॉ प्रियंका श्रीवास्तव जितेंद्र केसरी संतोष श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव एडवोकेट हाईकोर्ट अवनीश श्रीवास्तव, सरला रानी श्रीवास्तव, डॉ आशीष श्रीवास्तव डॉ सुधीर श्रीवास्तव डॉ मिथलेश श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव हिमांशु श्रीवास्तव, गणेश अग्रहरि, जय प्रकाश अग्रहरि डॉ के डी वर्मा विजय श्रीवास्तव , संजय कनौजिया विनोद गुप्ता अंकित सिंह अनुपम श्रीवास्तव रोहित श्रीवास्तव, हर्षित श्रीवास्तव, मनु श्रीवास्तव रजनीश श्रीवास्तव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# बिहार चुनाव: मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती राजनीति

ललित

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। हर दल अपने–अपने घोषणापत्र, नारों और वादों के साथ जनता को लुभाने में जुटा है। मंचों पर भाषणों की गरमी है, प्रचार रथ दौड़ रहे हैं, लेकिन इस शोर में सबसे बड़ी कमी है– जनता के असली मुद्दों की आवाज। राजनीति का यह वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं।




शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूप में मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिंताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दों को ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे–सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं? क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध–माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं? बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन–जन में देखने को मिलती है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनी के अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दें समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओं को बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला–सुरक्षा, अपराध–नियंत्रण की प्राथमिकता के नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं। ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आजाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में आदर्शों का व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तर पर वैश्वीकरण व अपने को बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। पर हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पाने वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? पहले नेता के लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती–होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियति से कब मुक्त होगा, यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए। बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनाव में इस पर वादे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलों के पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में 'बिहार के विकास' की बातें होती हैं, लेकिन युवा भविष्य की वास्तविक चिंता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्र का प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियाँ अब भी जारी हैं। मगर किसी भी दल की ओर से इन पर कोई ठोस नीति या वचन नहीं दिखाई देता। राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयों पर बात करना असुविधाजनक है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षा पर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टिकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और सुशासन की बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयन से लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किए गए बड़े–बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करने के बजाय केवल आरोप–प्रत्यारोप में व्यस्त हों, ।

# सामने वाले को उसी की भाषा में जवाब देते हैं मोदी, ट्रंप को भी कूटनीतिक चाल से दे दी मात

नीरज

आसियान शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल रूप से शामिल होने के निर्णय ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार असत्य और विवादास्पद बयानों के बीच मोदी का यह कदम केवल एक राजनैतिक निर्णय नहीं, बल्कि एक सोची–समझी रणनीतिक चाल भी है। जहाँ एक ओर विपक्ष विशेषकर कांग्रेस यह आरोप लगा रही है कि मोदी ट्रंप से मिलने से "डर" रहे हैं, वहीं वस्तुतः यह निर्णय भारतीय विदेश नीति की परिपक्वता और आत्मविश्वास का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में ट्रंप ने कई बार यह दावा किया कि उन्होंने भारत को रूसी तेल खरीदना बंद करने के लिए "राजी" किया है, या कि उन्होंने "ऑपरेशन सिंदूर" को रुकवा दिया था। यह ऐसे बयान हैं जिनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। यह स्पष्ट है कि ट्रंप घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रचार का औजार बना रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का उनसे औपचारिक मुलाकात से बचना भारत की कूटनीति की गंभीरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक था। सीधे आमने–सामने मिलना ट्रंप को अपने राजनीतिक प्रचार में भारत के नाम का उपयोग करने का अवसर देताकृ जो न केवल भारत की तटस्थता बल्कि उसकी वैश्विक छवि को भी प्रभावित कर सकता था। साथ ही मोदी का वर्चुअल रूप से आसियान सम्मलेन में शामिल होना इस "राजनीतिक जाल" से बचने का संतुलित मार्ग भी है। दूसरी ओर, कांग्रेस का आरोप कि प्रधानमंत्री "ट्रंप से डर रहे हैं", वस्तुतः सतही और अव्यावहारिक है। सच्चाई यह है कि मोदी सरकार ने भारत–अमेरिका संबंधों को समान साझेदारी के आधार पर विकसित किया है न कि किसी भय या दबाव के अधीन। वर्तमान निर्णय भी उसी आत्मनिर्भर विदेश नीति का हिस्सा है जहाँ भारत अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखता है। मोदी का आसियान सम्मेलन में वर्चुअल भागीदारी का फैसला न तो अमेरिका से दूरी बनाना है, न ही ट्रंप के प्रति विरोध। यह निर्णय उस संतुलनकारी कूटनीति का हिस्सा है जिसने भारत को रूस और अमेरिका दोनों से समान दूरी बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाया है। भारत आज न तो किसी धुरी का हिस्सा है और न ही किसी के दबाव में झुकता है। जब ट्रंप भारत पर ऊँचे शुल्क लगाते हैं या रूस से तेल खरीदने पर दबाव डालते हैं, तब भी भारत अपने आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए संयम बनाए रखता है। यही रणनीति मोदी ने इस मुलाकात से बचकर अपनाई हैकृ यानी "ट्रंप को उनकी ही भाषा में जवाब देना", लेकिन बिना टकराव के। मोदी का आसियान में वर्चुअल उपस्थिति का निर्णय किसी निष्क्रियता का संकेत नहीं है। वर्ष 2014 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री ने आसियान के मंच पर भारत की  को निरंतर गति दी है। यह वही नीति है जिसने दक्षिण–पूर्व एशिया में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत किया है। साथ ही वर्चुअल भागीदारी का अर्थ यह नहीं कि भारत पीछे हट रहा हैकृ बल्कि यह निर्णय दर्शाता है कि भारत तकनीक और संवाद दोनों के माध्यम से वैश्विक निर्णय–प्रक्रिया में सक्रिय बना हुआ है। डिजिटल उपस्थिति ने अब कूटनीति की सीमाएँ बदल दी हैं और मोदी का यह निर्णय उस आधुनिक यथार्थ को स्वीकार करने का संकेत है। साथ ही मोदी के इस निर्णय का सबसे बड़ा प्रभाव भारत की स्वतंत्र वैश्विक छवि के रूप में सामने आएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति से न मिलना यह दिखाता है ।

# छठ पर्व से पहले नगर आयुक्त ने घाटों का औचक निरीक्षण, दी स्वच्छता और सुरक्षा के निर्देश

लखनऊ, (संवाददाता)। आगामी छठ पर्व को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर के प्रमुख घाटों लक्ष्मण मेला घाट, झूलेलाल वाटिका घाट, संझिया घाट और कुड़िया घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के चीफ इंजीनियर (आरआर), संबंधित जोनल अधिकारी, अभियंत्रण विभाग के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने घाटों की साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, वेस्ट मैनेजमेंट और सौंदर्यीकरण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घाटों पर समुचित बैरिकेडिंग, पेड़ों की छंटाई और घास की कटिंग का कार्य समय से पूरा कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि गोमती नदी में गिरने वाले नालों पर जाल लगाकर कचरे को रोका



जाए और फ्लोटिंग पदार्थों को हटाने के लिए नावों पर श्रमिकों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान घाटों की स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डस्टबिन, पेयजल और शौचालय की सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।नागरिकों से अपील करते हुए गौरव कुमार ने कहा, "गोमती को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मूर्तियों या पूजन सामग्री को नदी में प्रवाहित करने से जल प्रदूषण बढ़ता है, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विषय में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, सूचनात्मक बोर्ड लगाए जाएं और लोगों को गोमती को प्रदूषित न करने के लिए प्रेरित किया जाए।नगर निगम ने घाटों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती, कचरा उठाने के लिए विशेष वाहन तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया दल की व्यवस्था की है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला ट्रेन की चपेट में आई, मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना दुबग्गा क्षेत्र के काकोरी फाटक के पास गुरुवार सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई जब एक महिला ट्रेन की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की।घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब आरपीएफ द्वारा थाना दुबग्गा पुलिस को सूचना दी गई कि काकोरी फाटक के पास एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।मौके पर ग्राम प्रधान अमेठिया सलेमपुर के पति मिथिलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतका रानी पत्नी नरेश कुमार (उम्र लगभग 44 वर्ष) निवासी मौलवीखेड़ा, मजरा अमेठिया सलेमपुर, थाना दुबग्गा की रहने वाली थी। उन्होंने बताया कि रानी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह आज सुबह घर से अचानक निकल आई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात ट्रेन से टकराने के कारण उसकी मृत्यु हो गई।सूचना मिलने पर मृतका के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पंचायतनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है। थाना प्रभारी दुबग्गा ने बताया कि घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहती थी और अक्सर अकेले ही घर से निकल जाती थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राजाजीपुरम में व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना तालकटोरा क्षेत्र के राजाजीपुरम इलाके में बुधवार रात एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।घटना बुधवार रात करीब 8रू30 बजे की है, जब थाना तालकटोरा पुलिस को सूचना मिली कि आशु शंकर बाजपेई पुत्र स्वर्गीय प्रभाकर दत्त बाजपेई, निवासी ई–5੯1 राजाजीपुरम, डबल पुलिया के पास, थाना तालकटोरा, उम्र लगभग 40 वर्ष, ने अपने घर के जीने की रेलिंग में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है।सूचना मिलते ही थाना तालकटोरा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इस बीच मृतक के परिजन उसे रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय, राजाजीपुरम लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आशु शंकर बाजपेई को मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार, चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक कारण फांसी लगाकर आत्महत्या बताया गया है। हालांकि, घटना की सत्यता की पुष्टि के लिए गहन पूछताछ और जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, और आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। परिजनों व आस–पड़ोस के लोगों से पूछताछ जारी है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### फांसी लगाने का प्रयास करने वाली किशोरी की इलाज के दौरान मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना बंथरा क्षेत्र के हरौनी गांव की एक 17 वर्षीय किशोरी ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इलाज के दौरान बुधवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान ज्योति कोरी पुत्री दुर्विजय कोरी निवासी ग्राम हरौनी, थाना बंथरा, जनपद लखनऊ (उम्र 17 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 20 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे ज्योति ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। परिजनों ने समय रहते उसे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां वह पिछले दो दिनों से उपचाराधीन थी।बीती रात करीब 8 बजे इलाज के दौरान प्रसाद हॉस्पिटल में ज्योति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही म0उ0नि0 नेहा यादव पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचीं और परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। थाना बंथरा पुलिस के अनुसार, मृत्यु के कारणों की सटीक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। साथ ही, किशोरी द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने के कारणों की जांच की जा रही है।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, ज्योति पढ़ाई में होशियार थी और अपने परिवार की काफी मदद करती थी।

# पंजतन हाइट में प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को गोली मारकर दी जान, फोरेंसिक जांच जारी

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के पंजतन हाइट अपार्टमेंट में एक प्रॉपर्टी डीलर ने अपने फ्लैट में खुद को गोली मारकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब आज शाम भेजी गई सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पद्धति के अनुसार कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान सैयद आबिद रजा नकवी (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पंजतन हाइट के प्रथम तल के फ्लैट संख्या 106 में रहते थे। परिजनों और पड़ोसियों के बयान के अनुसार आबिद रजा प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते थे और परिवार के साथ यहां रह रहे थे। आज सूचित किया गया कि फ्लैट के बाथरूम में ही आबिद ने पेट में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ठाकुरगंज और उनकी टीम ने तत्क्षण मौके पर पहुंचकर परिसर सील किया तथा फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। मौके पर मृतक के पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई है, जिसे सुसंगत विधिक प्रक्रिया के तहत कब्जे में लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और संबंधित धाराओं में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।प्राथमिक पूछताछ में परिजन और नजदीकी लोग बताते हैं कि आबिद का स्वभाव सामान्य था, हाल के दिनों में वह कुछ परेशान दिख रहा था, किन्तु स्पष्ट कारणों का खुलासा अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट व गहन जांच के बाद ही संभव होगा। मृतक की पत्नी वर्तमान में एरा मेडिकल कालेज में शिक्षिका के पद पर कार्यरत बताई जाती हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध हथियार किस स्रोत से आया और क्या इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप या दबाव की भूमिका है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की हर सम्भव कड़ को खंगाला जा रहा है, परिजनों तथा फ्लैट के आसपास रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच की जाएगी ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों और घटना के तंतुओं का स्पष्ट पता चल सके। फिलहाल मोहल्ले में शोक और अफरातफरी का माहौल है जबकि पुलिस तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल और साक्ष्यों की रक्षा कर रही है।जांच अधिकारीयों का कहना है कि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही सटीक निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकेगा और उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई तथा आवश्यक सार्वजनिक जानकारी जारी की जाएगी।

# फैक्ट्री कर्मचारी ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना सरोजनीनगर क्षेत्र के नादरगंज स्थित श्री राम एग्रो फैक्ट्री (मैदा फैक्ट्री) में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब फैक्ट्री में कार्यरत एक श्रमिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू कर दी।घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की है। फैक्ट्री के मालिक परमजीत सिंह पुत्र राजिंदर सिंह निवासी फ्लैट नंबर 303, द्वितीय तल, कलार होम अपार्टमेंट, कृष्णानगर ने थाना सरोजनीनगर में सूचना दी कि उनकी फैक्ट्री में काम करने वाला लेबर धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजवीर, निवासी ग्राम बिलंदपुर गादीपुर गार्गिया, थाना सिदौली त्रिलोकपुर, जनपद शाहजहांपुर, उम्र लगभग 26 वर्ष, जो फैक्ट्री परिसर में ही रहता था, उसने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है।सूचना मिलते ही थाना सरोजनीनगर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया तो देखा कि धर्मेंद्र कुमार रस्सी के सहारे पंखे से लटका हुआ है। पुलिस टीम ने शव को नीचे उतरवाया और एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक के पिता राजवीर सिंह को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी है, जो फिलहाल लखनऊ के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रारंभिक जांच में किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है, हालांकि पुलिस ने बताया कि इस मामले में सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा–तफरी का माहौल रहा। मृतक के साथियों और सहकर्मियों के अनुसार धर्मेंद्र बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान दिखाई दे रहा था। हालांकि उन्होंने स्पष्ट तौर पर किसी कारण की पुष्टि नहीं की। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।थाना प्रभारी सरोजनीनगर ने बताया कि मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटा लिए गए हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस घटना को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।फिलहाल फैक्ट्री में कामकाज रोक दिया गया है और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसपी ने अनुशासनहीनता के चलते समसुद्दीन राईन को पार्टी से निष्कासित किया

लखनऊ, (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि पार्टी के लखनऊ और कानपुर मण्डल प्रभारी, श्री समसुद्दीन राईन निवासी जिला झाँसी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासन का मुख्य कारण अनुशासनहीनता अपनाना और पार्टी में गुटबाजी फैलाना बताया गया है।प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस मामले में श्री राईन को कई बार चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन उनकी गतिविधियों और कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। इस वजह से पार्टी और मूवमेंट के हित में बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के संज्ञान में यह मामला लाया गया और आज उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी में अनुशासन बनाए रखना सर्वोपरि है और किसी भी सदस्य द्वारा गुटबाजी या अनुशासनहीन व्यवहार की कोई छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को संगठित करना है और इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।विश्वनाथ पाल ने यह भी बताया कि निष्कासित सदस्य के खिलाफ आगे की कानूनी और संगठनात्मक कार्रवाई पार्टी नियमों के अनुसार की जाएगी।

### अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर दलितों और महिलाओं के साथ अन्याय के आरोप लगाए

लखनऊ, (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ा यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में दलितों और महिलाओं के साथ अन्याय और अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सामंती ताकतों और अपराधियों को संरक्षण मिला हुआ है, और हर स्तर पर भेदभाव आम बात बन गई है।श्री यादव ने उदाहरण देते हुए कहा कि रायबरेली में दलित समाज के एक नौजवान की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई, वहीं लखनऊ के काकोरी में दलित समाज के बुजुर्ग के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। उन्होंने बताया कि यह केवल कुछ घटनाएं हैं, जबकि प्रदेश में हर दिन ऐसी न जाने कितनी घटनाएं हो रही हैं, और पुलिस–प्रशासन ऐसे मामलों में मूकदर्शक बना रहता है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध और अत्याचार की घटनाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता का दुरुपयोग करते हुए पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा। भाजपा सरकार का अहंकार चरम पर है और पीडीए समर्थक लोग तरह–तरह से अपमानित किए जा रहे हैं, उनकी नौकरी, आरक्षण और अधिकार छीने जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज इस अन्याय और अत्याचार को देख रहा है और जनता एकजुट होकर 2027 में भाजपा सरकार को हटाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के जाने के बाद ही दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को न्याय मिलेगा, भेदभाव समाप्त होगा और नौकरी तथा आरक्षण का अधिकार सुनिश्चित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि तभी विकास का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त होगा और समाज में समानता स्थापित होगी।

# ठाकुरगंज पुलिस ने दिखाई फुर्ती, 24 घंटे के भीतर गोलीकांड का किया खुलासा

लखनऊ, (संवाददाता)। थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में जान से मारने की नियत से की गई गोलीबारी की वारदात का पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई में मुख्य अभियुक्त शाहरूख पुत्र सलीम (19 वर्ष) और उसका साथी मो. सफीक उर्फ फैलू लाला पुत्र मो. जमाल (22 वर्ष) गिरफ्तार कर लिए गए हैं। दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।घटना 22 अक्टूबर की शाम की है, जब वादी बसन्त लाल वर्मा निवासी हरीशचन्द्र खेड़ा, थाना दुबग्गा, लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज में तहरीर देकर बताया कि आफताब पुत्र लोहा, शाहरूख पुत्र सलीम, सलमान पुत्र सलीम और लाला फैजू निवासी डूडा कालोनी, राधाग्राम, ठाकुरगंज ने एक राय होकर उसके पुत्र उमेश वर्मा को घेर लिया और जान से मारने की नियत से पेट में तमंचे से गोली मार दी। इस घटना में उमेश गंभीर रूप से घायल हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सर्विलांस, स्थानीय स्रोतों की मदद और गुप्त सूचना के आधार पर केवल 24 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण कर दिया। पुलिस ने सबसे पहले मुख्य अभियुक्त शाहरूख पुत्र सलीम को गुलालाघाट के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और खोखा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद सहअभियुक्त मो. सफीक उर्फ फैलू लाला को हरीनगर नाला के पास से दबोच लिया गया।पुलिस की पूछताछ में दोनों ने वारदात को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार की बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 9੯25 आर्म्स एक्ट एवं 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान, उपनिरीक्षक नीरज सिंह, अमरनाथ मौर्या, पुष्पेन्द्र कुमार, तथा कांस्टेबल बृजेश कुमार और दीप नारायण शामिल रहे। पुलिस की इस तेज कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है, जिसने महज एक दिन में वारदात की गुत्थी सुलझाकर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

# आगरा एक्सप्रेस–वे पर भीषण हादसा, दिल्ली से बिहार जा रही बस पलटी

लखनऊ लखनऊ, (संवाददाता)।काकोरी के आगरा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार भोर सुबह साढ़े चार बजे दिल्ली के आनंद विहार से मुजफ्फरनगर (बिहार) जा रही वातानुकूलित बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर पहले मेहंदी नगर गांव के सामने अंडरपास के पास हुआ। बस में सवार करीब 50 यात्रियों में से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई गई जिसका ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर एसीपी शकील अहमद और इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर मौके पर पहुंचे।



ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला। काकोरी सीएचसी में घायलों को प्राथमिक उपचार कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल सागर कुमार यादव (21) निवासी गया बिहार को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। शेष 11 घायलों की हालत स्थिर बताई है। मामूली रूप से घायल यात्रियों में राजा कुमार (25), बद्री शाह (55), ममता कुमारी (30), आरव (11), प्रीति (24), विक्की कुमार (22), रोशनी विक्की (20), अरविंद कुमार (34), राकेश (36), काजल (31) और नरेश कुमार मिश्रा (61) शामिल हैं।

# चोरी के मोबाइल खरीदने वाले आरोपी को चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर 21 मोबाइल बरामद किए

लखनऊ, (संवाददाता)। चौक पुलिस ने मोबाइल की दुकान से चोरी किए गए मोबाइल खरीदने वाले आरोपी अजमत अली उर्फ मन्टू को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 21 चोरी के मोबाइल बरामद किए। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश और अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई।पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव और अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त चौक राजकुमार सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक चौक नागेश उपाध्याय की टीम ने आरोपी को लाजपत नगर की ओर जाने वाली गली से गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से इमामगंज चौराहा, घौसी टोला, थाना नानपारा, जनपद बहराइच का निवासी है और वर्तमान में बरौरा सोना भट्टा, हुसैनबाड़ी, थाना ठाकुरगंज में रहता है।मामला 11 अक्टूबर 2025 का है, जब मोहम्मद अरशद जाहूर ने चौक थाना में तहरीर देकर बताया कि उनकी मोबाइल की दुकान ष्जाहूर टेलीकम्युनिकेशनष से लगभग 70–80 मोबाइल फोन चोरी हो गए थे। इसके साथ ही दुकान से उनके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड और लगभग 20,000 रुपये नगद भी चोरी हो गए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 258/2025 धारा 317(2)/317(5)2331(4) बीएनएस के तहत आरोपी की गिरफ्तारी और माल बरामदगी के लिए टीम गठित की।अजमत अली के कब्जे से चोरी के 21 नए मोबाइल (बिना डिब्बे के) और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल आरोपी पर पहले भी थाना इटौंजा, लखनऊ में मुकदमा संख्या 134/2023 धारा 395/412 के तहत दर्ज है।

# हैंडपंप में करंट दौड़ने से अधेड़ युवक की मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। जनपद के रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लहड़रा के मतऊ पुरवा में बृहस्पतिवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, राकेश कुमार (49 वर्ष) पुत्र जियालाल, निवासी लहड़रा गांव, दोपहर में हैंडपंप से पानी भरने गए थे। उसी दौरान हैंडपंप में करंट फैल जाने से वह उसकी चपेट में आ गए। जैसे ही करंट लगा, राकेश कुमार जोर से छटपटाने लगे। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़े तो देखा कि वह मूर्छित अवस्था में पड़े हुए हैं। आनन–फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया,।

# बहनों ने तिलक लगाकर भाइयों की उतारी आरती भाईदूज पर बहनों ने मांगा रक्षा का वचन

लखनऊ, (संवाददाता)। भाई–बहन के प्यार का प्रतीक भैयादूज पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों का तिलक कर लंबी उम्र की कामना की, तो भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। वहीं, शहर में खील बतासों और मिठाइयों की खूब बिक्री हुई। गुरूवार को भाईदूज पर्व के साथ ही पांच दिवसीय दीपावली पर्व का समापन हो गया। सुबह से ही बहन व भाई के अटूट स्नेह के इस पर्व को मनाने के लिए हिंदू धर्मावलंबियों में काफी उत्साह देखा गया। विशेष मुहूर्त में यमराज व यमुना की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद बहिनों ने भाईयों की आरती उतारकर उन्हें तिलक लगाया। भाइयों ने भी अपनी अपनी बहनों की रक्षा का वचन देकर आकर्षक गिफ्ट भेंट किए। बता दें कि भाई दूज पर्व के साथ ही पांच दिवसीय दीपावली पर्व का समापन भी होता है। भाई दूज पर्व पर बहन भाई की लंबी उम्र की मनोकामना करती है। भाई भी अपनी बहनों को उत्तम जीवन मिले इस बात की भगवान से प्रार्थना करता है। बहनें भाई के माथे पर तिलक लगाकर सदैव खुश रहने का आशीर्वाद देती है। साथ ही मुंह मीठा करवाकर उसके दीर्घायु होने की कामना करती है। गुरूवार को भैयादूज के त्योहार पर शहर में सड़कों पर अधिक चहल पहल रही। घरों में बहनों ने भाइयों की सलामती के लिए व्रत रखा। बाद में तिलक किया और मिठाई खिलाकर रक्षा का वचन लिया। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। घरों में बहनों के यहां भाइयों के पहुंचने पर पकवान बनाए गए। शहर के रोडवेज–प्राईवेट बसों के लिए अड्डों के आसपास खील बतासों व मिठाइयों की दुकानों लगाई गई थी। जिन पर सामान लेने वालों की भीड़ लगी रही। वहीं मसौली क्षेत्र में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया गया। मसौली कस्बे के साथ–साथ सफदरगंज, तिलपुरा और रसौली जैसे गांवों में भी सुबह से ही त्योहार का उत्साह देखने को मिला। इस पावन अवसर पर बहनों ने स्नान–पूजन के बाद अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया। उन्होंने भाइयों की आरती उतारी और उनके दीर्घायु तथा सुख–समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। परंपरा के अनुसार, बहनों ने भाइयों को मिठाई, चूरा और खिलौने खिलाकर प्रेम और अपनत्व से भरे इस पर्व को मनाया। पूरे दिन गांवों में भाई–बहन के अटूट प्रेम और एकता का सुंदर दृश्य दिखाई दिया। बुजुर्गों ने बच्चों को इस पर्व का महत्व बताया, जिसमें भैया दूज को केवल एक त्योहार नहीं बल्कि भाई–बहन के मजबूत रिश्ते का प्रतीक बताया गया। पूरे बांसा शरीफ क्षेत्र में सौहार्द, प्रेम और उमंग का वातावरण रहा। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजे नजर आए। शाम तक घरों में खुशियों की रौनक बनी रही, जिससे पूरा क्षेत्र त्योहार की भावना में सराबोर रहा।

# सरदार पटेल के योगदान और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाये - ए के शर्मा



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री ए के शर्मा उपस्थित रहे ।सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के पुरोधा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद वंदेमातरम गीत गाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि एकता मार्च के सफल आयोजन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए विद्यालयों और महाविद्यालयों में सांस्कृतिक एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किए जाए उन्होंने कहा इस अभियान में युवाओं, महिलाओं, स्थानीय निकायों, एनसीसी, स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए सभी तय कार्यक्रमों की जानकारी राज्य स्तर पर साझा की जाए, ताकि अभियान का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता का संदेश घर–घर तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने के लिए इस कार्यक्रम को भव्य एवं प्रेरणादायक रूप में आयोजित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाना है ताकि देश की नई पीढ़ी उनके योगदान और विचारों से प्रेरणा ले सके सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और कौशल से भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया सरदार पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों को जोड़कर एक भारत की नींव रखी उनके प्रयासों से ही भारत एक अखंड और एकीकृत राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सका है मुख्यमंत्री ने कहा सरदार पटेल की कूटनीति और दूरदर्शिता का स्वतंत्र भारत के इतिहास में बड़ा योगदान रहा है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल के सपनों को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन के साथ भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल के सम्मान में गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण कराया गया जो विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है और भारत की एकता, अखंडता तथा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। सरदार पटेल के विचार आज भी देश को एकता, समरसता और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने किया उक्त अवसर पर शाहगंज विधायक रमेश सिंह जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता सुनील तिवारी संदीप सरोज संतोष सिंह सुधाकर उपाध्याय रविन्द्र सिंह दादा अवधेश यादव ब्लाक प्रमुख गण विजय सिंह विद्यार्थी धीरू सिंह सुनील यादव मम्मन धनंजय सिंह बेचन पांडेय आमोद सिंह नरेंद्र उपाध्याय अनिल गुप्ता रागिनी सिंह अजय सरोज सुरेश धुरिया मेराज हैदर मंडल अध्यक्ष गण विधान सभा संयोजक आदि उपस्थित रहे ।

# शिक्षित महिला समाज की रीढ़ होती है –डॉ. बबिता सिंह चौहान



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर।। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने मदरसा जामिया इमाम जाफर सादिक और जामिया बिन्तुल हुदा निस्वा का शनिवार को दौरा किया और वहां छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया। अपने संवाद सत्र के दौरान उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों की जानकारी देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. चौहान ने कहा कि "शिक्षित महिला समाज की रीढ़ होती है। अगर बेटियां शिक्षित होंगी तो न केवल उनका जीवन बदलेगा, बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रगतिशील बनेगा।" उन्होंने छात्राओं से अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। महिला आयोग की अध्यक्ष ने छात्राओं से उनके अनुभव, शिक्षा व्यवस्था और चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। बेटियों के लिए चल रही योजनाओं जैसे मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, और महिला हेल्पलाइन 1090 की भी जानकारी दी, ताकि छात्राएं किसी भी स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मदरसे के शिक्षकों ने डॉ. चौहान का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया एवं महिला आयोग की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार होता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. चौहान ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि "हर बेटी अपने भीतर असीम शक्ति रखती है, बस उसे पहचानने और सही दिशा में प्रयत्न करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद , जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय , बाल संरक्षण अधिकारी चन्दन राय , मौलाना सैय्यद मोहम्मद शाजान जैदी , मौलाना अम्बर अब्बास खान , मौलाना अहमद हसन खान , मौलाना सैय्यद शुजा अब्बास , हसन मेहदी , मोहम्मद अब्बास समर , शहनशाह हैदर , आरिफ हुसैनी , मोहम्मद सोहराब , शादाब , तलत फातिमा , निकहत फतिमा , आलिया फतिमा आदि के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे , कार्यक्रम का संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया ।

# बे-बस रहीं बहनों को दावों की गाड़ी ने दिया धोखा

पीलीभीत, (संवाददाता)। भाई को टीका करने निकली बहनों को अफसरों के दावों की गाड़ी ने धोखा दे दिया। बहनें रोडवेज बसों की तलाश में चौराहों के चक्कर काटती रहीं। घंटों इंतजार और फिर बस में



सवार होने में धक्का–मुक्की का नजारा दिखा। ट्रेनें भी ठसाठस रहीं। बहनों की मजबूरी का फायदा डग्गामार वाहनों ने उठाया। क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर जोखिम के बीच फर्राटा भरा। भाई दूज को लेकर डिपो के अफसरों ने बृहस्पतिवार को बेहतर तैयारियां का दावा किया, लेकिन धरातल पर हालात काफी खराब दिखे। दोपहर करीब एक बजे नौगवां चौराहे पर एक भी बस नहीं थी। बहनें और उनके साथ आए परिजन आसपास के दुकानदारों से बस आने के समय पूछते दिखे। बताया गया कि लंबे समय से बस नहीं आई है। चौराहे पर डिपो की ओर से कोई कर्मचारी भी तैनात नहीं किया गया। इसी समय एक सवारी वाहन पहुंचा और चालक ने कुछ सवारियों को बैठाकर वाहन दौड़ा दिया। करीब आधे घंटे बाद बस पहुंची को बस में चढ़ने और सीट पाने की होड़ मच गई। वहीं करीब 1.15 बजे असम चौराहे से बरेली जाने वाले मार्ग पर भी यात्री खड़े थे। बस काफी देर से यहां नहीं पहुंची। गेट पर धक्का–मुक्की का नजारा दिखा। एआरएम विपुल पारस ने बताया कि डिपो की सभी बसों को मार्गों पर भेजा गया था। बहनों को सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा मुहैया कराने के निर्देश चालक–परिचालकों को दिए गए थे। जहां दिक्कत आई है, वहां पता कराएंगे। रेलवे स्टेशन पर उमड़ी बहनों की भीड़ रू भाई के घर जाने के लिए बहनों ने ट्रेन का सहारा भी लिया। दोपहर 1रू30 बजे रेलवे स्टेशन पर बहनों और उनके साथ आने–जाने वाले परिजनों की भीड़ उमड़ी तो फुटब्रिज से आवगमन मुश्किल हो गया। भीड़ अधिक होने से फुटब्रिज से प्लेटफार्म बदलने के लिए यात्रियों को करीब 10 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। कुछ यात्री जोखिम के बीच रेलवे पटरी पार करते दिखे। इसी समय आई त्रिवेणी एक्सप्रेस में सवार होने में भी धक्का–मुक्की का नजारा दिखा। दोपहर के समय प्लेटफार्म संख्या तीन पर जीआरपी जवान नजर नहीं आए, जबकि बहनों की भीड़ अधिक थी।

# चौन स्नैचिंग करने वाली महिला गिरफ्तार

अयोध्या ।शनिवार की दोपहर कोतवाली नगर के पुलिस चौकी चौक क्षेत्र मे गुदड़ी बाजार चौराहे के पास ई–रिक्शा में सवार एक बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है ।स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इसमें शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली नगर पुलिस को दिए गए तहरीर के माध्यम से पीड़िता के बेटे मोहम्मद वैश पुत्र मोहम्मद मुर्तजा निवासी राठ हवेली कोतवाली नगर ने बताया कि दोपहर उसकी मां तथा उसकी छोटे भाई की पत्नी दोपहर जिला अस्पताल से दवा लेकर ई रिक्शा से अपने घर जा रही थी ।जब वह गुदडी बाजार के पास पहुंची तो अपने घर जाने के लिए जैसे ही उतरने लगी तभी जिला अस्पताल से बैठी दो अन्य महिलाओं में से एक महिला उसका पैर दबाया और जब पीडिता ने विरोध किया तो कहा कि आप निकल जाइए ।जब पीडिता उतरने लगी उसी बीच में उसकी गले की सोने की चौन गायब हो गयी ।पीड़िता ने जब शोरगुल मचाया तब स्थानीय लोगों ने पहुंचकर दोनों महिलाओं से तलाशी लिया और जिसके पास से आभूषण बरामद हुआ जिसे पुलिस को सौप दिया गया ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे ने बताया इस घटना में शामिल चौन स्नैचिंग महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।शेष की गिरफ्तारी के लिए खोज जारी है उन्होंने बताया गिरफ्तार की गई महिला आरोपी की पहचान सुनीता देवी तथा काजल निवासी बाबूगंज थाना अंतू प्रतापगढ़ के रूप में हुई है।

# सरदार पटेल के कठिन निर्णयों का नतीजा है कि देश एक सूत्र में बंध सका – असीम अरुण

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि देश में सच्चा और पक्का काम के आधार पर निर्णय लिए जा रहे है। ईमानदारी और भ्रष्टाचार का संगम भाजपा में असंभव है। पीएम मोदी और सीएम योगी के स्पष्ट नीति और निर्देश है कि भ्रष्टाचारी, माफिया, गुंडों की जगह सभ्य समाज में नहीं जेल में है। देश को एक डोर में पिरोना है तो कभी कभी कठिन निर्णयों को भी लेना पड़ता है। कहा कि सरदार पटेल के कठिन निर्णयों का नतीजा है कि देश एक सूत्र में बंध सका। जिस देश में खाना, भाषा, पहनावा, मौसम का विशेष अंतर हो, ऐसी भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्र को एक साथ जोड़कर रखा। उन्होंने जोर दिया कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। कहा, ष्सरदार पटेल ने जिस तरह



बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोया, हम इस पदयात्रा के माध्यम से उसी भावना को आगे बढ़ाएंगे, ताकि युवा श्एक भारतश और श्आत्मनिर्भर भारतश के आदर्शों को अपना सकें। इस यात्रा के दौरान हम नशा मुक्ति, स्वदेशी अभियान जैसे मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक भी करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी श्आत्मनिर्भर भारतश और श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश के विजन की दिशा में बहुत प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं, और यह अभियान उनके विजन को जन–जन तक पहुंचाएगा। प्रभारी मंत्री ने लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू एमएलसी अशोक अग्रवाल अभियान प्रभारी महामंत्री अनुराग मिश्रा मीडिया प्रभारी गांगेशपाठक सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता सत्यम शुक्ला मौजूद रहे

# चार बार पलटने के बाद रेलिंग से टकराई कार फट गए थे तीन टायर

पीलीभीत, (संवाददाता)। पीलीभीत–बीसलपुर पर मार्ग पर बृहस्पतिवार देर रात 10 बजे के बाद एक कार बेकाबू होकर पलट गई। भीषण सड़क हादसे में मोहल्ला छोटा खुदागंज थाना कोतवाली निवासी प्रेम कुमार (30) की मौत हो गई। कार सवार छह लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि कार सड़क पर तीन–चार बार पलटने के बाद करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी प्रेम कुमार की ससुराल बरखेड़ा थाना के गांव आमडार में है। भाई दूज पर प्रेम कुमार बृहस्पतिवार को अपनी पत्नी प्रीति व दो वर्षीय बच्ची के साथ ससुराल आया था। बताया जा रहा है देर रात परिजनों ने नानकमत्ता घूमने का प्लान बनाया और कार से रवाना हो गए। कार में प्रेम कुमार के साथ परिवार व रिश्तेदारी के छह अन्य लोग मोहस्वरूप, सुरेश कुमार, सूरज, जितेंद्र, सोमपाल, दयाशंकर, निवासी आमडार भी साथ थे। पीलीभीत–बीसलपुर मार्ग पर गांव जियोरहा कल्यायनपुर के बीच कार बेकाबू होकर पलटती हुई सड़क किनारे रेलिंग से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार तेज होने के कारण गांव के मोड़ पर बेकाबू होकर तीन–चार बार पलटने के बाद सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई। कार के तीन टायर फट गए। हादसे में प्रेम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य सभी गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बरखेड़ा लाया गया। जहां से गंभीर घायल मोहन स्वरूप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान व थानाप्रभारी परमेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच पड़ताल की।

# डीजे पर कहासुनी के बाद युवक की गला दबाकर हत्या

पीलीभीत, (संवाददाता)। माधोटांडा क्षेत्र के सीमावर्ती गांव महाराजपुर में जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान डीजे पर हुए मामूली विवाद के बाद युवक को बहाने से ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी गई। सिर पर भी पत्थर से प्रहार किए गए। बृहस्पतिवार शाम को उसका शव गांव के निकट शारदा डैम के सीपेज नाले से बरामद हुआ। गले और सिर पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने शव को बरामद कर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं। महाराजपुर गांव में बुधवार रात एक घर के बाहर जन्मदिन की पार्टी के दौरान डीजे बज रहा था। कार्यक्रम में गांव निवासी मोहन (28) पुत्र दुलाल मंडल भी गया था। पुलिस के अनुसार डीजे पर डांस के दौरान मोहन की गांव के ही कुछ अन्य युवकों से कहासुनी हो गई थी। हालांकि, कुछ देर बाद ही मामला शांत भी हो गया था। इसके बाद आरोपी युवक मोहन को बहाने से घूमने चलने की बात कहकर पास के ही शारदा सागर डैम के किनारे ले गए। जहां आरोपियों ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। सिर पर पत्थर से भी वार किए गए। उसका शव शारदा सागर डैम के सीपेज नाले में ले जाकर छिपा दिया। बृहस्पतिवार सुबह तक घर न लौटने पर उसके परिवार के लोग चिंतित हुए और गांव वालों से जानकारी की। इस पर कुछ ग्रामीणों ने आरोपी युवकों के साथ मनोज की कहासुनी होने की बात बताई। दिन भर खोजबीन के बाद जब सफलता नहीं मिली तो देर शाम परिजनों ने माधोटांडा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच पड़ताल शुरू की तो आरोपी युवकों के भी गायब होने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की तो उसका शव सीपेज नाले से बरामद हुआ।

# नहाय–खाय के साथ शुरू होगा छठ महापर्व

सीतापुर, (संवाददाता)। छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्तूबर से नहाय–खाय के साथ होगी। छठ पूजा को लेकर घरों व घाटों की साफ–सफाई शुरू कर दी गई है। शहर के बाजार में लोग पूजा में प्रयोग होने वाली सामग्री व फल इत्यादि की खरीदारी कर रहे हैं। सूर्य उपासना का यह महापर्व मनाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक खासे उत्साहित हैं। जिले में तीन हजार से ज्यादा परिवार छठ पूजा करते हैं। मूल रूप से पूर्वांचलवासियों में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु इस दौरान व्रत रखकर अपनी मंगल कामना छठ मईया से करते हैं। सूर्योपासना के इस महापर्व की विशेषता यह है कि इसमें किसी पुरोहित अथवा कर्मकांड की आवश्यकता नहीं होती है। श्रद्धालु बताते हैं कि अपने पाल्यों की समृद्धि और मंगलकामना के लिए की जाने वाली इस पूजा में पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जाता है। इस दौरान उगते सूरज और ढलते सूरज की पूजा होती है। छठ पूजा का व्रत रखने वाली महिलाएं 27 अक्तूबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। अगले दिन सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य समर्पित किया जाएगा। शहर के चार प्रमुख स्थानों पर छठ पूजा की जाती है। सबसे ज्यादा चहलपहल 27 वाहिनी पीएसी के तालाब व गोल्फ ग्राउंड के तालाब पर होती है। पुलिस लाइन के मंदिर में भी छठ पूजा होती है। इसके अलावा ताड़कनाथ मंदिर में सरायन नदी के तट पर श्रद्धालु छठ पूजा करते हैं। महमूदाबाद के संकटा देवी मंदिर और बसावनपुर के मंशा देवी मंदिर में घाटों की साफ–सफाई व रंगाई–पुताई का काम किया जा रहा है। इस पर्व पर नए वस्त्र धारण करके पूजन–अर्चन करने की मान्यता है। पूजन सामग्री में सेब, संतरा, अंगूर, कद्दू, अनार, नारियल, अमरूद, कच्ची हल्दी, मूली आदि का प्रयोग किया जाता है। शहर के बाजार में बृहस्पतिवार को छठ पूजा से जुड़ी सामग्री की श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। कपड़ों व फल की दुकानों पर रौनक बनी रही। इस महापर्व की शुरुआत शनिवार को कद्दू–भात से होगी। पहले दिन बिना लहसुन–प्याज वाले अरवा चावल का भोजन कर नदी के तट अथवा नहर–तालाब के घाट पर पूजन किया जाता है। दूसरे दिन रविवार को खरना होगा। इसमें श्रद्धालु 36 घंटे का उपवास शुरू करेंगे। भगवान को खीर–पूड़ी के साथ ही सभी मौसमी फलों का भोग लगाया जाएगा। तीसरे दिन सोमवार को संध्या अर्घ्य होगी। इसमें नदी, नहर, तालाब के तट पर लोग ढलते सूर्य को प्रणाम कर जल का अर्घ्य देंगे। चौथे व अंतिम दिन मंगलवार को सूर्योदय के समय अर्घ्य और परना होगा। उगते सूर्य को प्रणाम कर अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा। 11 वर्षों से छठ पूजा का व्रत रख रहे हैं। इसको करने से हर मनोकामना पूरी होती है। हमने पुत्र प्राप्ति के बाद से व्रत रहना शुरू किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### नालासोपारा में छठ पूजा की भव्य तैयारी– तीन तालाबों पर भक्ति संगीत के साथ होगी सूर्य उपासनाय अमित दुबे

देश की उपासना,
ब्यूरो चीफ धनंजय विश्वकर्मा।

मुंबई / नालासोपारा ।सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा भारत समेत विदेशों में भी बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में भी छठ पर्व का उत्साह देखने लायक होता है। नालासोपारा सेवा समिति द्वारा पिछले कई दशकों से इस महापर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के प्रयासों से इस वर्ष भी नालासोपारा क्षेत्र के तीन प्रमुख तालाबों पर छठ पूजा की विशेष तैयारियां पूरी की गई हैं। इन तीनों स्थलों, अचोले तालाब, गालानगर तालाब और मोरेगांव तालाब पर छठ व्रतियों के लिए शानदार व्यवस्था की गई है। यहां विशेष रूप से भक्ति संगीत



का आयोजन किया जाएगा, जिसके बीच श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से भगवान सूर्य की पूजा–अर्चना करेंगे। समाज सेवी और छठ पूजा आयोजक अमित दुबे ने बताया कि छठ पूजा की सभी तैयारियां पूरी तरह से कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वयं इस आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने महानगरपालिका, ग्राम पंचायत और शहर के सभी सुरक्षा कर्मियों को छठ पूजा स्थलों की देखरेख और व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है, ताकि पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या समस्या का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था और सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे छठ व्रती शांतिपूर्ण और धार्मिक माहौल में अपना अनुष्ठान पूरा कर सकें।

### महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने पैदल गस्त कर शहर वासियो को कराया सुरक्षा के प्रति एहसास

अयोध्या। मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने उप निरीक्षक संजीव मिश्रा व महिला थाना मे तैनात पुलिस कर्मियों के साथ शहर के प्रमुख चौराहो व बाजारों मे पैदल गस्त कर स्थानीय लोगो को सुरक्षा के प्रत एहसास कराया ।इस मौके पर उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान चलाया ।शुनिवार को शहर के कई मार्गो जैसे रिकाबगंज, चौक,सिविल लाइन सहित प्रमुख मुहल्लो मे जाकर पैदल गस्त किया ।वहीं इसी कड़ी में उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जहां पर कुछ वाहन चालक बिना कागजात के पाए गए ।खासकर उन वाहन चालकों को उन्होंने समझाया कि आप सभी



पुलिस के डर से हेलमेट न लगाकर अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाए क्योंकि पुलिस सिर्फ आपसे जुर्माना वसूल सकती है ।लेकिन अगर आपके साथ कोई अनहोनी होती है तो आपके साथ–साथ आपका परिवार भी संकट में पड़ेगा। आफका जीवन आपके लिए तथा आपके परिवार के लिए अमूल्य है ।आप पुलिस के डर न बल्कि अपनी सुरक्षा को लेकर हेलमेट लगाए ।इस दौरान उप निरीक्षक संजीव मिश्रा, उप निरीक्षक सोनी, उप निरीक्षक चेतना,प्रिया सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रही।

### ठगों ने खाते से 10 हजार उड़ाए

सीतापुर, (संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी सर्वेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपने मोबाइल में बुधवार को एक एप्लीकेशन डाउनलोड किया। इसके बाद उनके खाते से दो रुपये कट गए। कुछ देर बाद खाते से 499 रुपये की राशि दोबारा कट गई। यू ट्यूब पर संबंधित एप्लीकेशन का टोल फ्री नंबर खोजकर शिकायत करने के लिए कॉल की। उधर से बात करने वाले व्यक्ति ने कुछ तरीके फॉलो करने को कहा। बताए गए तरीके पूरे करने के दौरान खाते से 10 हजार रुपये और कट गए। इसके बाद कॉल डिस्कनेक्ट हो गई। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। ई रिक्शे पर सवार टप्पेबाज महिलाओं ने एक विवाहिता के जेवर पार कर दिए। अलमापुर निवासी विद्या बृहस्पतिवार को अपने मायके असल कुचलाई जा रही थीं। वह जैसे ही ई रिक्शे पर सवार हुई,।

### प्रैक्टिस के लिए खिलाड़ियों को जाना पड़ता है लखनऊ

सीतापुर, (संवाददाता)। कस्बे के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए कोई सार्वजनिक खेल मैदान व स्टेडियम न मिलने से उन्हें लखनऊ तक की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। खिलाड़ियों ने जिम्मेदारों से नगर में स्टेडियम बनवाने जाने की मांग की है। नगर के गांधी महाविद्यालय के पड़ाव खेल मैदान पर खिलाड़ी क्रिकेट, कबड्डी व अन्य खेल खेलते हैं। ज्यादातर इस मैदान पर राजनीतिक पार्टियों की रैलियां, सर्कस, मेला जैसे अन्य आयोजन होते रहते हैं। इससे यह मैदान खाली नहीं रहता है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।